RNI No.: RAJHIN/ 2014 / 65130

# राजस्थान नेत्र ज्योति

वर्ष : 11 अंक : 3

जुलाई – सितम्बर 2025






## हमारी आखिरी दृष्टि किसी और की पहली रोशनी बने

आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान

# सम्पादकीय



प्रकृति की सुंदरता, अपने प्रिय जनों का चेहरा और इस संसार का रंगीन दृश्य का आनंद उठाने की क्षमता, जीवन का सबसे बड़ा सौभाग्य है। परंतु कितने ही लोग इस रोशनी से वंचित हैं। यदि हम चाहे तो अपनी मृत्यु के बाद नेत्रदान कर किसी के जीवन को रोशन कर सकते हैं। नेत्रदान केवल एक दान नहीं, यह जीवन का पुनर्जन्म है। यह वह क्षण है जब मृत्यु के अंधकार में भी कोई व्यक्ति किसी और के जीवन में प्रकाश भर जाता है। 'नेत्रज्योति' पत्रिका का यही संदेश है–**देखने की शक्ति बांटिए ,जीवन को रोशन कीजिए।**

भारत में ही नहीं हमारे राज्य राजस्थान में नेत्रदान – अंगदान के क्षेत्र में जनचेतना लगातार बढ़ रही है, परंतु अभी हमें बहुत लंबा रास्ता तय करना है। जापान श्रीलंका और अमेरिका जैसे देश में नेत्रदान एक सामाजिक परंपरा बन चुका है। वहां संस्थाओं एवं समुदायों में इस विषय पर जागरूकता, शिक्षा का एक हिस्सा है। भारत में भी अब शिक्षण एवं सामाजिक संस्थाओं एवं अस्पतालों के माध्यम से यह मुहिम प्रभावी एवं सशक्त रूप से आगे बढ़ रही है। जब समाज का प्रत्येक नागरिक इसे अपनी जिम्मेदारी समझेगा तभी किसी दृष्टिहीन के जीवन में उजाला पहुंच पायेगा। इसमुहिम के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिवर्ष 25 अगस्त से 8 सितंबर तक विशेष जागरूकता पखवाड़ा मनाया जाता है, जिसमें जन–जन को नेत्रदान के लिए प्रेरित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम पूरे प्रदेश में ईबीएसआर के आई कलेक्शन सेंटरस के माध्यम से जिलों में आयोजित किए जाते हैं। इस दौरान शैक्षिक संस्थानों, ट्रेनिंग इंस्टीट्यूशंस, पुलिस अकादमी, विभिन्न सरकारी एवं प्राइवेट अस्पताल के डॉक्टर्स, नर्सिंग स्टाफ आदि के साथ चर्चाएं, वार्ताएं एवं रेलियों का आयोजन कर उन्हें नेत्रदान की संपूर्ण प्रक्रिया की जानकारी देते हुए विभिन्न भ्रांतियां को दूर करने का प्रयास किया जाता है। ऐसे सभी कार्यक्रमों के आयोजन की झलक आपको पत्रिका में मिलेगी।

नेत्रज्योति का यह अंक इसी जनचेतना के लिए समर्पित है। यहां हमारा उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं, अपितु हर पाठक के मन मे प्रेरणा की चिंगारी जगाना है, ताकि नेत्रदान एक विकल्प नहीं, एक सामाजिक संकल्प बन सके। प्राप्त कॉर्निया अधिक से अधिक राज्य में अंधता निवारण के लिए प्रत्यारोपित किये जाए, इसके लिए राज्य सरकार को अधिक से अधिक कॉर्निया प्रत्यारोपण की व्यवस्था प्रत्येक राजकीय अस्पताल में करने के लिए प्रभावी कदम उठाने होंगे। अभी केरेटोप्लास्टी (कॉर्निया प्रत्यारोपण) की सुविधा बहुत कम अस्पतालों में है इसका मुख्य कारण प्रशिक्षित आई सर्जनस का अभाव है। यहां तक की प्रशिक्षित डॉक्टर्स भी केटरेक्ट सर्जरी करना ज्यादा पसंद करते हैं। ऐसे में प्राप्त कार्निया को राज्य में ही अधिकाधिक उपयोग सुनिश्चित करना चुनौती पूर्ण कार्य है। वर्तमान में प्राप्त कॉर्निया का शत प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करने के लिए राज्य में काम आने के बाद बाध्य होकर कार्निया राज्य से बाहर भेजना पड़ता है।

नेत्र ज्योति का यह अंक उन प्रेरक व्यक्तियों एवं परिवार जनों को नमन करता है जिन्होंने अपनी आंखें दान कर किसी और की दुनिया रोशन की है। आइये हम भी संकल्प लें –

**अंधकार मिटाए, चेतना जगाएं, नेत्र दान बढ़ाएं**

**उषा बापना**
संपादक



# Message from the President

Dear Readers,

It gives me great pleasure to present this latest issue of our quarterly magazine — a heartfelt chronicle of our journey over the past three months in advancing the cause of eye donation across Rajasthan.

This publication is more than a record of activities; it is a celebration of compassion, courage, and community. We pay tribute to the families who, in their moment of loss, chose to transform grief into hope by donating the corneas of their loved ones. Their selfless act is a beacon of humanity, restoring sight and dignity to those in darkness.

We also proudly highlight the outstanding contributions of our staff, volunteers, and coordinators. Your dedication, empathy, and relentless efforts are the foundation of our success. Let this be a reminder that every conversation you initiate, every awareness drive you lead, and every donor you inspire brings us closer to a future where no one is denied the gift of sight.

To our financial donors and supporters — thank you for believing in our mission. Your generosity enables us to grow, innovate, and reach more lives with care and purpose.

This quarter has been marked with trail blazing experience during the eye donation awareness fortnight. Members of the EBSR in Jaipur as well as in our chapters in different parts of the state created a steer by their relentless pursuit in reaching out to untapped areas to contact the people. This has been a very impactful fortnight . Thank you and Congratulations to all organizers.

As we look ahead, I urge each member of our team to aim higher, think bolder, and act with renewed passion. Let us challenge ourselves to break new ground in awareness, outreach, and service. Together, we can build a legacy of light.

I leave you with a quote that captures the essence of our work:

"The best way to find yourself is to lose yourself in the service of others." — Mahatma Gandhi

With deep appreciation and unwavering hope,

**B. L. Sharma**
President

# 25TH ANNUAL GENERAL MEETING



25th Annual General Meeting of Eye Bank Society of Rajasthan was held on 17th August 2025 at 11.30 am at the Rajasthan Forestry and Wildlife Research Jaipur. During this meeting, we reviewed our performance during the Financial Year 2024-25, new initiatives taken during the year, proposed new initiatives during the next Financial Year.

1. **Programmes and Initiatives:**

(1) **New Initiatives:** Following new initiatives were taken during last three years:

(a) **Installation of Slit Lamp:** The State Bank of India sanctioned Rs. 33 lakhs for purchase of slit lamp. The slit lamp has been installed and is functional. This will facilitate evaluation of cornea in laboratory of Eye Bank.

(b) **Amendments in Memorandum of Association and Articles of Association:** Memorandum of Association of the EBSR was submitted to the Registrar on 07.02.2002. First set of amendments in the Memorandum of Association and Articles of Association was approved on 27th August, 2013. The proposals for further amendments in the Memorandum of Association and Articles of Association were prepared to make them comprehensive, bring them in tune with the present requirements and provide flexibility for future growth. The proposals were approved in the Special General Meetings.

(c) **Rewarding Performance:** To motivate field technicians, every quarter one star performer and one runner up are declared on the basis of Cornea Related Performance, organisation of Awareness Program, Notification & Consent Rate and Quality of Excision. Moreover every month, one excellent technician and one runner up are selected on the basis of transplantable corneas and utilisation rate of cornea.

(d) **Eye Donation Pledge System Based upon Missed Call:** Eyes can be easily pledged online by giving a missed call on 7375855855 and eye donation pledge certificate can also be downloaded.

(e) **Gratuity Scheme:** The policy from LIC has been taken for payment of gratuity. Gratuity shall be payable to an employee after five years of continuous service.

(f) **Functioning of New Centres:** "EBSR GVM Eye Collection Centre Churu" with HQ at Sardarshahar started functioning in cooperation with Gandhi Vidhya Mandir, Sardarshahar,

(2) **Proposed Future Plans with Azim Premji Foundation:** A five year project, with a project cost of Rs. 2.80 crores, has been submitted to Aziz Premji Fomdation. The Project has following components:

(a) **Strengthening of Eye Donation Activities:** Ajmer, Bikaner

(b) **Expansion of Eye Donation Activities:** Beawar, Sardarshahar and Jodhpur

(c) **Community Outreach on Wheels:** Jaipur, Ajmer, Beawar, Bhilwara, Bikaner, and Kota Chapters /Eye Collection Centres.

(3) **New EBSR Building:** We plan to initiate steps to start work for construction of new eye bank building

2. **Performance during the Financial Year 2024-25:**

(1) **Cornea Collections & Transplant:** Following graph gives month wise performance during Financial Year 2024-25:






The performance of cornea transplants during the Financial Year 2024-25 decreased vis-a-vis performance of previous FY 2023-24. Following table gives comparative position of cornea transplants during last four years:

| | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 |
|---|---|---|---|---|
| **Cornea Collections** | 1476 | 2911 | 3220 | 2469 |
| **Corneal Transplants** | 1046 | 1879 | 2050 | 1533 |
| **Utilisation Rate** | 71% | 65% | 63.6 % | 62% |

The main reason of downfall is the change in incentive scheme which was modified to give equal opportunity to all technicians to earn reasonable incentive. Discussions were held with technicians of all chapters. and also Refresher training and motivation programme were organised to motivate them. This is showing positive results as the performance has somewhat picked up in the last quarter of FY 2024-25 but lot of improvement is still required.

**(2) Cornea Distribution:** Corneas are allotted to Keratoplasty surgeons on first come first serve basis in a transparent manner. Following table depicts the distribution of corneas during last four years:

| | 2021-22 | | 2022-23 | | 2023-24 | | 2024-25 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | **Actual** | **%** | **Actual** | **%** | **Actual** | **%** | **Actual** | **%** |
| **Govt. Hospitals** | 402 | 38% | 612 | 33% | 529 | 26% | 407 | 26.5% |
| **Private Hospitals** | 186 | 18% | 318 | 17% | 368 | 18% | 349 | 22.8% |
| **CDS** | 457 | 44% | 949 | 50% | 1153 | 56% | 777 | 50.7% |
| **Total** | 1045 | 100% | 1879 | 100% | 2050 | 100% | 1533 | 100% |

The cornea transplants in the state decreased. As we did not have enough demand of transplantable corneas from the surgeons within the state, the remaining corneas were sent outside the State, so that all usable corneas could be used.

3. **Awareness and Publicity:** The EBSR organises awareness programmes to spread the message about Eye donations and also to remove misapprehensions amongst public about eye donation. Publicity materials are distributed. Banners and Posters are also put up at vantage points for wider publicity. Help desks are organised in hospitals to explain the visiting persons about need of eye donation and to clarify their queries regarding it.

**(a) Annual Eye Donation Awareness Fortnight :** A highly participative Awareness Fortnight was organized from 25th August 2024 to 8th September 2024. The awareness programmes were organised in hospitals, police organisations, schools, colleges, training institutions, religious bodies, community organisations and social organisations. A rally of about 100 NCC cadets through main markets of Jaipur. Chapters were also very active in organizing awareness programmes

**(b) Netradani Pariwar Samman Samaroh:** A Netradani Pariwar Samman Samaroh was organized on 9th March 2025 at Jaipur to felicitate families of eye donors. Kota Chapter organized Netradani Pariwar Samman Samaroh on 8th September 2024. The Samaroh also helps in spreading awareness about eye donation.

4. **Annual Budget and programme for the Financial Year 2026-27**

(1) Following Programme for the Financial Year 2026-27 was approved:]

| S. No. | Items | Targets |
|---|---|---|
| 1 | Cornea Collections | 3300 |
| 2 | Transplanted Corneas | 2200 |

(2) Budget details for the Financial Year 2026-27 are as follows:

**(a) Estimated Revenue Receipts**

(i) Revenue Receipts of Jaipur HO: At Rs. 298 Lakhs.

(ii) Chapter Receipts: Rs. 8 Lakhs.

(iii) Total Revenue Receipts: Rs. 306 Lakhs

(iv) Capital Receipts : Rs. 50 Lakhs.

(v) Total : Rs. 356 Lakhs.



**(b) Estimated Expenditure**

(i) Revenue Expenditure of Jaipur HO: Rs. 192 Lakhs.

(ii) Chapters' Expenditure : Rs. 8 lakhs.

(iii) Total Revenue Expenditure: Rs. 200 Lakhs

(iv) Capital Expenditure: Rs. 50 Lakhs.

(v) Total Expenditure: Rs. 250 Lakhs.

**(c) Budget Surplus: Rs. 106 Lakhs.**

5. **New Members:** Individual membership of EBSR were conferred on following persons:

| S. No. | Name | Field |
|---|---|---|
| 1 | Smt. Aanchal Puri | Education |
| 2 | Shri Prabodh Chand Jain | Social Service |
| 3 | Shri Raj Kumar Sharma | Education |

6. **M. L. Mehta Best Chapter Award:** M L Mehta Best Chapter Award were given as follows:

(1) Ajmer Chapter: Best chapter Trophy and prize money of Rs. 50000/-

(2) Jodhpur Chapter: First Runners Up and prize money of Rs. 25000/-

(3) Kota Chapter: Second Runners Up and prize money of Rs. 10000/-

7. **Elections of the Executive Committee**

The House appointed Shri Rajeev Dasot as Returning Officer for conducting elections of the Executive Committee. He declared that following members are elected unanimously to the Executive Committee of the EBSR:

| Designation | Name |
|---|---|
| President | Shri B. L. Sharma |
| Vice President | Shri Lalit Prakash Kothari |
| Vice President | Smt. Shonu Jain |
| Secretary | Shri Kapil Garg |
| Treasurer | Shri Hanuman Prasad Sharma |
| Joint Secretary | Col. L. P. Shukla |
| Member, Executive Committee | Smt. Usha Bapna |
| Member, Executive Committee | Smt. Anju Jain |
| Member, Executive Committee | Shri Gobind Gurbani |
| Member, Executive Committee | Smt. Deepali Bhargava |
| Member, Executive Committee | Shri Ravi Kamra |
| Member, Executive Committee | Shri Saurabh Consul |
| Member, Executive Committee | Ms. Kamal Pangaria |

During meeting, members gave many suggestions for improving and expanding functioning of the Eye Bank Society of Rajasthan.

**Lalit Prakash Kothari**
Vice President

# The Eye Donation Process



The process of cornea donation starts with an individual's generous decision to be an eye, organ, and tissue donor, or a family's consent to give the gift of sight EBSR facilitate the life-transforming process of cornea transplantation.

## The Call



An eye bank receives a call from a hospital, organ procurement organization or another third party informing that an individual has died and meets preliminary criteria for donation. The eye bank has a very short time within which to contact the next of kin, obtain consent, and recover the tissue. This generally needs to happen within 8 hours of the time of death.

## Consent and Medical Review

If the deceased individual is a registered organ/eye/tissue donor, the eye bank proceed to recover their corneas immediately with consent . Otherwise, eye banks contact the next of kin to obtain consent for donation. In either case, eye banks contact the next of kin to obtain a medical-social history. This provides the eye bank with information to make a donor eligibility determination. Eye banks also obtain copies of relevant medical records from the hospital, paying close attention to the cause of death, any medications that were administered to the individual, and the circumstances of their death.

## Physical Inspection of the Donor

If there are not any medical "rule outs," an eye bank technician travels to the donor's location (typically a hospital or mortuary) to recover their corneas. The first step is a physical inspection of the donor. This contributes to the donor profile, and screens for signs of infectious disease, or behavior that may have put them at risk, such as intravenous drug use. The technician also draws a blood sample to be tested for HIV, Hepatitis, Syphilis and other blood-borne diseases.

## Evaluation



Specially trained technicians evaluate the cornea through microscopes to check for damage or deformities ensuring that it meets EBSR's strict criteria for transplantation. The eye bank's medical director or thier designee reviews this information and the donor's medical records to make a final eligibility determination.

## Release of Tissue

If the medical director or their designee authorizes release of the tissue, the cornea is sealed in a cornisol liquid and packed in a container .The cornea is labeled with a unique identification number allowing the eye bank to track the tissue from donor to recipient. It is shipped to a surgeon for transplant. In this process guidelines of Transplantation of Human Organs and Tissues Act (HOTA) are followed.



## Post-Donation Support

Eye banks recognize the incredible generosity of cornea donors and their families, and may offer a variety of programs to provide support and/or to honour their sacrifice. While corneal transplant recipients will not be told the name of their donor, they may choose to write letters of gratitude to their donors' families, which the eye bank helps to deliver.

**Gobind Gurbani**
Co-Editor

# रोशनी लौटाने का संकल्प : नेत्रदान को जन-आंदोलन बनाइए



कॉर्निया अंधता उन समस्याओं में है जिन्हें सही सिस्टम और समय पर लिये गये कदमों से तेजी से कम किया जा सकता है। जरूरत है, जागरूकता को कार्यवाही में बदलने की, अस्पताल-आधारित रिट्रीवल को बढ़ाने की और यह सुनिश्चित करने की कि दान हुआ हर कॉर्निया अधिकतम लोगों की रौशनी लौटाए। आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान (ईबीएसआर) ताजा तिमाही रिपोर्ट दिखाती है कि पक्का इरादा, अच्छी काउंसलिंग और तेज प्रोसेसिंग मिलकर कैसे बड़ा असर लाते हैं।

**क्यों जरूरी है:** भारत में दृष्टिदोष और अंधता का कुल बोझ घटा है, लेकिन कॉर्निया अंधता ऐसा क्षेत्र है जहां प्रत्यारोपण से सीधे रोशनी लौट सकती है। समस्या के साथ समाधान भी मौजूद है। राष्ट्रीय अंधत्व एवं दृष्टिदोष सर्वे (2015-19) ने बताया कि देश में अंधता का कुल प्रतिशत 0.36% तक घटा है।

**राजस्थान का उदाहरण :** जनवरी-जून, 2025 में ईबीएसआर ने 1,518 कॉर्निया जुटाए और 930 प्रत्यारोपण करवाए। उपयोगिता 56% से 67% तक पहुँची और जून में 197 ट्रांसप्लांट तथा 82.77% उपयोगिता का मासिक रिकॉर्ड बना। सोसायटी की स्थापना से जून 2025 तक ईबीएसआर ने 25,808 कॉर्निया प्राप्त कर 16,597 प्रत्यारोपण कराए हैं। राज्य में उपयोग होने वाले कुल कॉर्निया का लगभग 96% वह सप्लाई करता है यह गुणवत्ता और समुदाय-भागीदारी का मजबूत मॉडल है।

**देश की तस्वीर : सरकारी डेटा क्या कहता है**

- भारत सरकार के NPCB&VI के अनुसार 2019 तक अंधता प्रतिशत 0.36% पर आ चुका था और 2025 तक 0.25% का राष्ट्रीय लक्ष्य तय है यानि प्रोग्रामेटिक सुधार सही दिशा दे रहे हैं।
- लोकसभा में सरकार ने बताया कि औसतन 40-50% दान की गई आँखें/कॉर्निया सालाना प्रत्यारोपण में उपयोग हो पाती है; गुणवत्ता, उम्र और मेडिकल कारणों से सभी ऊतक ऑप्टिकल ग्रेड नहीं बन पाते यह गैप HCRP और लैब-सक्षम प्रक्रिया से कम किया जा सकता है।
- 2024-25 तक NPCBVI के माध्यम से 1.17 करोड़ से अधिक लोग विभिन्न नेत्र सेवाओं से लाभान्वित हुए, इसमें कैटरेक्ट चश्मे और अन्य रोग-प्रबंधन के साथ केरेटोप्लास्टी भी शामिल है।

नीति इतिहास बताता है कि सरकार ने आई बैंकों/आई डोनेशन सेंटर्स को फंडिंग, स्टाफ ट्रेनिंग और प्रति जोड़ी कॉर्निया पर प्रतिपूर्ति जैसी सहूलियतें दी, लक्ष्य 1 लाख वार्षिक ट्रांसप्लांट तक स्केल करना था अस्पताल आधारित रिट्रीवल से उपयोगिता 50-72% तक बढ़ी है।

**क्या सबसे ज्यादा असर करता है**

- **अस्पताल से सीधी प्राप्ति (HCRP) :** वार्डस/इमरजेंसी/मोर्चरी में प्रशिक्षित काउंसलर समय पर सहमति और बेहतर ऊतक दिलाते हैं, जिससे उपयोगिता और ट्रांसप्लांट दोनों बढ़ते हैं। सरकारी स्वीकारोक्ति के मुताबिक उपयोगिता 40-50% के औसत से ऊपर ले जाने के लिए HCRP की प्रमुख भूमिका रहती है।
- **उपयोगिता-फर्स्ट सोच :** सर्जन नेटवर्क, समय पर लैब टेस्ट (सेरोलॉजी, स्पेक्युलर माइक्रोस्कोपी) और लेमलर तकनीकें (DSEK/DMEK/DALK) एक कॉर्निया से दो मरीजों तक को लाभ पहुँचा सकती हैं।
- **भरोसा और सम्मान :** राजस्थान की जमीनी कहानियाँ चलती एंबुलेंस में नेत्रदान, तीसरे दिन की बैठक में सार्वजनिक सम्मान दिखाती हैं कि संवेदनशील संवाद और पारदर्शिता से परिवार समय पर हाँ कहते हैं।

**नीति और सिस्टम : तुरंत क्या करें**

- **HCRP को सार्वभौमिक बनाइए :** सभी मेडिकल कॉलेजों और बड़े अस्पतालों में 24 घंटे काउंसलर व रिट्रीवल टीम, मोर्चरी एक्सेस और फास्ट-ट्रैक लेब सपोर्ट अनिवार्य हो।
- **उपयोगिता पर फंडिंग :** अनुदान/सीएसआर प्रोत्साहन उन आई बैंकों को प्राथमिकता दें जो लगातार 60-70% से अधिक उपयोगिता दिखाएं और जिलों तक लेमलर ट्रेनिंग पहुंचाएं।
- **रुकावटें हटाइए :** मेडिकल-लीगल क्लियरेंस, ट्रांसपोर्ट और इंटर-स्टेट एक्सचेंज के मानक समय-सीमा के साथ तय हों; जिला स्तर पर सेरोलॉजी और स्पेक्युलर की उपलब्धता कॉर्निया कलेक्शन की कठिनाइयों को कम करती है।
- **डेटा पारदर्शिता :** NPCBVI डैशबोर्ड पर तिमाही राज्यवार कलेक्शन, ट्रांसप्लांटेबल-ग्रेड कॉर्निया और वास्तविक ट्रांसप्लांट प्रकाशित होते हैं ताकि कलेक्शन बनाम उपयोगिता का अंतर न रहे।
- **जन-भागीदारी :** NSS/कॉलेज, धार्मिक व सामुदायिक नेतृत्व और शोक के समय संवाद जिन्हें राजस्थान अपना रहा है को व्यापक बनाइए, ताकि संकल्प पत्र भरने के बाद भी परिवार की तैयारी हो और हैल्पलाइन पर समय से काल पहुँचे।

**राजस्थान से देश की सीख**

एक महीने में 197 ट्रांसप्लांट और 82.77 उपयोगिता यह साबित

करती है कि जब अस्पताल रिट्रीवल, काउंसलिंग और लैब–लॉजिस्टिक्स एक सूत्र में आ जाते हैं तो हर दान लगभग तय रोशनी में बदलता है। यही मॉडल राष्ट्रीय स्तर पर अपनाने से 40–50% की औसत उपयोगिता को 60–70% तक ले जाना संभव है।

**तुरन्त कदम**

- **सरकारें :** HCRP का सार्वभौमिकरण, उपयोगिता–आधारित स्कोरकार्ड, लेमलर ट्रेनिंग और इंटर–स्टेट ऊतक विनिमय के समयबद्ध मानक तय करें।
- **नागरिक :** परिवार से अभी बात करें, टोल–फ्री नंबर सहेजें और मौत के कुछ घंटों में सूचना दें – यही वो पल है जो संवेदना को दृष्टि में बदल देता है।

हर कॉर्निया ऑपरेशन थियेटर तक पहुँचना चाहिए और हर 'हां' एक इलाज में बदलनी चाहिए। देश के पास नीति, कार्यक्रम और अनुभव का खाका मौजूद है; राजस्थान यह दिखा रहा है कि जमीन पर इसे कैसे जिया जाता है।

**गेस्ट राईटर**
**– रोटेरियन सुनील दत्त गोयल**
महानिदेशक, इम्पीरियल चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री
पूर्व उपाध्यक्ष, जयपुर स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, जयपुर (राज.)

# आई बैंक एसोसियेशन ऑफ इंडिया की 15वीं नेशनल कान्फ्रेंस : एक अनुभव




आई बैंक सोसाइटी ऑफ़ राजस्थान जोधपुर चेप्टर के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र जैन, जयपुर के HCRP मैनेजर श्री रामदयाल जाट व सीनियर तकनीशियन श्री टिंकू ओझा ने 13 से 14 सितम्बर 2025 को नागपुर, महाराष्ट्र के ABO आई इंस्टिट्यूट में आयोजित हुई। EBAI की 15वीं नेशनल कांफ्रेंस जिसका मुख्य विषय कॉर्निया व आई बैंकिंग था। उसमें अपनी प्रत्यक्ष सहभागिता दर्ज कर नेत्रदान से सम्बंधित कई विषयों के बारे में केवल जानकारी ही नहीं प्राप्त की बल्कि किस प्रकार से आप एक मृत देह से प्राप्त कॉर्निया को लेकर ज्यादा से ज्यादा दृष्टिहीनों का जीवन रोशन कर सकते, यह भी जाना।





**कांफ्रेंस का मुख्य उद्देश्य :** कॉर्निया व आई बैंकिंग के क्षेत्र को क्रान्तिकारी विस्तार देना था, जिसके माध्यम से हम व्याप्त अंधता को मूल रूप से समाप्त कर सके। मृत देह से प्राप्त कॉर्निया की अपने आप में एक यात्रा होती है, जिसको कई चरणों में होकर गुजरना होता है जैसे की नेत्रों को लेने से पूर्व दानदाता की सही से मेडिकल हिस्ट्री की जाँच , उसकी आँखें उपयोगी हैं या नहीं यह भी देखा जाता हैं, नेत्रदान द्वारा ली गई स्वस्थ आँख का उपयोग जल्द से जल्द किसी मरीज की अंधता को समाप्त करने के लिए हो। हमें सभी अहम प्रक्रियाओं को ध्यान में रखकर नेत्रदान की प्रक्रिया को संपन्न करना होता है।

**तकनीकी जानकारी व दस्तावेजों का महत्व :** प्रत्येक ली गई आँख का सही ढंग से डॉक्यूमेंटेशन करना, शल्य क्रिया के समय आँख को सही ढंग से निकालना, जिससे उसके इंडोथीलियम सेल्स डैमेज ना हों, नेत्रदान लेने के पश्चात उसका ट्रांसपोर्टेशन सही तरीके से हो साथ ही आवश्यक तापमान बना रहे जिससे आँख सुरक्षित आई बैंक पहुंचे।

आई बैंकिंग के क्षेत्र में हमें भविष्य में कई बदलाब देखने को मिल सकते हैं जैसे की पहले हमें ज्ञात था कि कॉर्निया की पहले 5 परत हुआ करती थी और आज नए शोध द्वारा वह 6 परत हो गईं, इसी प्रकार से पहले प्राप्त एक आँख से ज्यादा से ज्यादा दो लोगों को रोशनी पहुँचाई जा सकती थी और हो सकता है की आगामी समय में यह 6 की 6 परतें ही मरीज को प्रत्यारोपित की जाएँ, जिससे ली गई एक आँख से कई लोग लाभान्वित हो सकते हैं।

**श्री टिंकू ओझा**
टेक्नीशियन, कोटा चेप्टर

# असरकारी हैं जागरूकता के प्रयास



कहते हैं की धरती में बीज डाल दें ताकि मौसम अनुकूल आने पर धरती को ये शिकायत न रहे की उचित अवसर पर बीज ही नहीं डाला गया। आई बैंक सोसाइटी की तरफ से जितने भी जागरूकता अभियान चलाये जाते हैं उनका असर बहुत दूरगामी होता है। इस फोटो में एक शख्श विश्व दृष्टि दिवस 2006 में हमारे द्वारा चलाये गये हस्ताक्षर अभियान में शामिल होकर हस्ताक्षर कर रहे हैं उन्होंने न केवल हस्ताक्षर किये अपितु अपने परिवार में भी ये बात कह दी कि मेरे भी नेत्रदान कर देना। वर्ष 2014 में जब उनका देहांत हुआ परिवार वालों ने उनकी इच्छा का सम्मान करते हुए आई बैंक को समय पर सूचित कर नेत्रदान कर दिए।







सुरेन्द्र पॉल त्यागी जी वैशाली नगर के एक पार्क में रोज़ सुबह सैर किया करते थे और उन्होंने अक्सर देखा होगा हमें उसी पार्क में नेत्रदान के बारे में कोई न कोई गतिविधि करते हुए या बातें करते हुए सुना होगा और निश्चित तौर पर उन्होंने अपने परिवार में भी बात की होगी। उनकी पत्नी श्रीमती सुदेश जी का जैसे ही निधन हुआ तो उनके सपुत्र का फोन नेत्रदान के लिए समय रहते ही आ गया और आई बैंक सोसाइटी ने नेत्र प्राप्त किये। दुर्भाग्य से त्यागी जी का निधन कोविड में हुआ जिस से उनके नेत्रदान उनकी इच्छा के बावजूद नहीं हो सके। ये है जागरूकता का असर।

**इस तरह ज्योत से ज्योत जलती है. यही सन्देश हम देना चाहते हैं कि:**

## ज्योत से ज्योत जलाते रहो दृष्टि की गंगा बहाते चलो

**रवि कामरा**
सदस्य आई बैंक सोसाइटी

### दान में प्राप्त कॉर्निया माह जुलाई से सितम्बर 2025

| माह | कॉर्निया संग्रहण | कॉर्निया प्रत्यारोपण | प्रत्यारोपण उपयोगिता दर |
|---|---|---|---|
| जुलाई 2025 | 172 | 111 | 64.53 प्रतिशत |
| अगस्त 2025 | 214 | 158 | 73.83 प्रतिशत |
| सितम्बर 2025 | 218 | 166 | 76.15 प्रतिशत |
| कुल संख्या | 604 | 435 | 72.02 प्रतिशत |

# जन जागरूकता पखवाड़े की रिपोर्ट



राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर 25 अगस्त से 8 सितंबर तक हर वर्ष नेत्रदान जागरूकता पखवाड़ा मनाया जाता है। इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों और समुदायों के बीच नेत्रदान के प्रति जागरूकता फैलाना है।

कार्यक्रम की शुरुआत 25 अगस्त को परंपरागत रूप से गणेश मंदिर में पूजा–अर्चना के साथ हुई।





उसी दिन श्री एस.पी. वर्मा सदस्य, ई बी एस आर के निर्देशन में उनकी टीम द्वारा '**तमसो मा ज्योतिर्गमय**' नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इसे पखवाड़े के दौरान मॉर्निंग वॉकर्स के लिए पत्रिका गेट के सामने भी प्रदर्शित किया गया। सभी ने इस प्रयास की सराहना की।

**स्कूल और कॉलेज में जागरूकता:**

- राजस्थान स्कूल ऑफ आर्ट्स, जयपुर कालेज एवं आई ई सी मैनेजमेंट कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये। विद्यार्थियों ने सुंदर पोस्टर्स बनाकर अपनी भावनाएं व्यक्त की।
- धार्मिक सभाओं में पोस्टर और बैनर लगाए गए, और संकल्प पत्र भरवाए गए।

**पुलिस और सामाजिक संस्थाओं का सहयोग:**

- राजस्थान पुलिस अकादमी, महिला जेल और एसएमएस अस्पताल के पुलिसकर्मियों ने इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाई।
- मेडिकल लीगल केस में एसएमएस हॉस्पिटल के पुलिस थाने से विशेष सहयोग मिलता है। उनसे व्यक्तिगत मिलकर वर्ष भर प्राप्त सहयोग के लिए उनका आभार प्रदर्शित किया एवं भविष्य में भी उनके सहयोग की अपेक्षा रखते हुए उनका अभिवादन किया गया।
- इसी प्रकार एसएमएस की मॉर्चरी से सर्वाधिक कॉर्निया प्राप्त होते हैं। इसी बात को ध्यान में रखते हुए मॉर्चरी के प्रभारी डॉक्टर ,वहां के सभी कर्मचारियों का आभार प्रदर्शित करने के लिए व्यक्तिगत रूप से वहां जाकर उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। एसएमएस हॉस्पिटल के प्रत्येक वार्ड के नर्सिंग प्रभारियों को एसएमएस के ट्रेनिंग हाल में बुलाकर उनके द्वारा नेत्रदान में किस प्रकार से सहयोग दे सकते हैं इस पर अध्यक्ष श्री बी एल शर्मा द्वारा विस्तृत चर्चा कर उन्हें प्रेरित किया गया।
- लगभग 200 एनसीसी छात्रों ने जयपुर के मुख्य बाजार से एक रैली निकाली, जो छोटी चौपड़ से शुरू होकर हवामहल के सामने समाप्त हुई। एन सी सी के तीनों विंग के कैडेट्स मार्च पास्ट करते हुए बैनर एवं तख्तियों के साथ राहगीरों का ध्यान आकर्षित कर नेत्र दान का सन्देश भी दे रहे थे।



रैली के अंत में सभी कैडेट्स ने नेत्रदान करने की शपथ भी ली। पुलिस का इस आयोजन में विशेष सहयोग रहा।

टाईम बैंक सोसाइटी के अध्यक्ष श्री पी.सी. जैन ने इस अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई सभी जोन प्रभारी को







आमंत्रित कर वे अपने जोन में किस प्रकार नेत्रदान की मुहिम को गति दे सकते हैं इसकी जानकारी दी तथा कुछ जोन में इस तरह के कार्यक्रम भी आयोजित किए गए एवं विभिन्न जोन में टाइम बैंक के सभी सदस्यों को नेत्रदान के उन सभी भ्रांतियां को दूर करने की चेष्टा की जो सदस्यों द्वारा उठाई गई थी।





आई बैंक सोसाइटी के प्रत्येक सदस्य ने पूरे पखवाड़े में हर प्रकार से अपना योगदान देने का संकल्प लिया। 15 दिनों तक चले इस अभियान में आई बैंक सोसाइटी ऑफ राजस्थान के सभी चैप्टर ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम की शुरुआत से लेकर अंत तक हर कदम पर श्री बीएल शर्मा साहब और श्री ललित प्रकाश कोठारी एवं श्री कपिल गर्ग साहब का सहयोग हम सभी का उत्साह वर्धन करता रहा। जन-जन तक नेत्रदान की बात हर संभव तरीके से पहुंचने के लिए श्री रवि कामरा जी का प्रयास अत्यंत सराहनीय एवं अनुकरणीय रहा। हम सभी सहयोगी संस्थाओं महानुभावों एवं चेप्टरस का तहे दिल से आभार प्रदर्शित करते हैं। आई बैंक सोसायटी आफ राजस्थान के सभी चैप्टर ने भी नेत्रदान पखवाड़े में बड़े उत्साह से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया





जिसकी अलग से रिपोर्ट पत्रिका में दी जा रही है।

8 सितम्बर को पखवाड़े का समापन समारोह श्रीकृष्ण कान्त पाठक, सचिव कार्मिक विभाग एवं डायरेक्टर जनरल एच.सी.एम. रीपा राजस्थान सरकार के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। आई डोनेशन के लिए





विशेष कार्य एवं सहयोग करने के लिए नर्सिंग पार्क योगा परिवार, वैशाली नगर, एस.बी.आई. बैंक के अधिकारियों को समारोह में सम्मानित किया गया। डॉ. एच.पी. सिंह अध्यक्ष इकफाई यूनिवर्सिटी, जयपुर समारोह के विशिष्ट अतिथि ने बताया कि उनकी संस्था के बच्चे सोशल सर्विस के रूप में इंटरशिप आई बैंक के साथ कर सकते हैं।

**– शोनू जैन**
उपाध्यक्ष ईबीएसआर
समन्वयक, जागरूकता पखवाड़ा

# अस्पतालों में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम



नेत्रदान से जुड़ना हमारा सामाजिक दायित्व है, जो किसी दृष्टिबाधित व्यक्ति के जीवन में प्रकाश ला सकता है। भारत में लाखों लोग कॉर्निया अंधता से पीड़ित हैं, परन्तु नेत्रदान की दर अभी बहुत कम है। अस्पतालों में यदि नेत्रदान के प्रति जागरूकता बढ़ाई जाए तो नेत्रदान की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि की जा सकती है।

नेत्रदान वह प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से मृत व्यक्ति के नेत्रों का उपयोग किसी दृष्टिबाधित व्यक्ति को दृष्टि प्रदान करने के लिए किया जाता है। यह न केवल सेवा और सहानुभूति का प्रतीक है, बल्कि समाज में आशा और मानवता की भावना को भी सशक्त बनाता है।

**निजी एवं सरकारी अस्पतालों की भूमिका**

नेत्रदान के प्रति सक्रियता न केवल दृष्टिबाधितों के जीवन में रोशनी लाती है, बल्कि यह अस्पताल की सामाजिक प्रतिष्ठा को भी बढ़ाती है। यह मानवता, सेवा और करुणा की भावना को समाज में फैलाने का एक सशक्त माध्यम है। अस्पतालों में नेत्रदान जागरूकता को स्वास्थ्य सेवा प्रणाली का अभिन्न अंग बनाना चाहिए। जब अस्पताल मृत्यु उपरांत नेत्रदान की प्रक्रिया को सहज और सम्मानजनक रूप से लागू करते हैं, तो समाज में अंधत्व के खिलाफ एक मजबूत संदेश जाता है। यह पहल न केवल दृष्टिबाधितों को दृष्टि देती है, बल्कि मानवीय संवेदना की गहराई को भी प्रकट करती है। यदि अस्पताल प्रशासन और चिकित्सा कर्मी नेत्रदान के प्रति सजग और प्रशिक्षित हैं तो नेत्रदान की संख्या में निश्चित ही वृद्धि हो सकती है।

**महात्मा गांधी अस्पताल में जागरूकता कार्यक्रम**

आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान द्वारा पिछले कुछ वर्षों से जयपुर स्थित महात्मा गांधी अस्पताल में कॉर्निया निष्कासन कार्य किया जा रहा है। महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल उन्नत प्रौद्योगिकियों, आधुनिक बुनियादी ढांचे और व्यापक चिकित्सा विशेषज्ञता के साथ, सुपर–स्पेशियलिटी गुणवर्त्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करता है। अस्पतालों में प्रतिदिन अनेक मरीजों का उपचार होता है और दुर्भाग्यवश कुछ की मृत्यु भी होती है। सड़क दुर्घटनाओं और अप्राकृतिक संदिग्ध मामलों के कुछ चिकित्सीय कानूनी मामले शवगृह में लाए जाते हैं, उनका नेत्रदान पोस्टमार्टम के उपरान्त होता है। नेत्रदान पखवाड़े के दौरान हमने अस्पताल के अधीक्षक ब्रिगेडियर डॉ. एस.एस. जयसवाल से सम्पर्क कर, वहां के चिकित्सा कर्मियों एवं डॉक्टरों के लिए नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती अंजु जैन एवं सुश्री डॉ. दीपाली भार्गव, सहायक प्रबंधक श्री रामदयाल जाट, तकनीशियन श्री अरविंद कुमार ने भाग लिया। हमने आई बैंक की फिल्म एवं पावर पॉइंट वहां उपस्थित लोगों को दिखाया तथा उन्हें सम्बोधित करके अवगत कराया, किस तरह नेत्रदान के कार्य को अस्पताल में और अधिक सक्रिय किया जा सकता है। अस्पताल के स्टाफ द्वारा उपयोगी सुझाव भी दिए गए। हमने नर्सिंग प्रभारियों को अनुरोध किया, जब भी वार्ड में उपयुक्त केस हो, हमारे स्टाफ को अवश्य सूचना दें। हम शवगृह के कर्मचारियों से भी मिले।



डॉ. आशीष जैन, आईसीयू प्रभारी ने हमें आश्वस्त किया कि वे नेत्रदान के कार्य में हमारा हर संभव सहयोग करेंगे। अस्पताल के आईसीयू, शवगृह एवं वार्डों में आई बैंक के स्टीकर लगा दिए गए हैं, जिन पर आई बैंक स्टाफ के फोन नंबर अंकित हैं। आई बैंक की क्लिप, जागरूकता बढ़ाने हेतु लॉबी में टी.वी. पर आगन्तुकों को दिखाई जा रही है। आई बैंक के तकनीशियन समय–समय पर हैल्प डेस्क भी लगाते हैं। हम आश्वस्त हैं कि महात्मा गांधी अस्पताल के अधीक्षक डॉ. एवं स्टाफ का रवैया नेत्रदान कार्य एवं हमारी संस्था के प्रति सकारात्मक है। हम प्रयास करेंगे कि और अधिक कार्निया वहाँ से लिए जा सकें।

**जयपुरिया अस्पताल**

जयपुर स्थित रुक्मणी देवी बेनी प्रसाद जयपुरिया अस्पताल,



राजस्थान सरकार और रुक्मणी देवी जयपुरिया चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित एक सरकारी अस्पताल है। इसकी स्थापना का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों के लोगों को किफायती दामों पर आवश्यक, व्यापक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। पिछले दो वर्षों से हमारी संस्था नेत्रदान हेतु यहां कार्यरत है।

कार्यकारिणी सदस्या श्रीमती अंजु जैन, सहायक प्रबन्धक श्री रामदयाल जाट, तकनीशियन अरविन्द कुमार ने जयपुरिया अस्पताल में डॉ. महेश मंगल (अधीक्षक), डॉ. मधु गुप्ता (विभागाध्यक्ष, नेत्र विभाग), मेडिकल ज्यूरिस्ट और इमरजेंसी के डॉक्टरों व कर्मचारियों से मुलाकात की।

मेडिकल ज्यूरिस्ट यहाँ हमेशा उपलब्ध रहते हैं, हम यहाँ आने वाले मेडिको लिगल केस पर ध्यान केन्द्रित करने की योजना बना सकते हैं।

अस्पताल अधीक्षक डॉ. महेश मंगल और डॉ. मधु गुप्ता दोनों ने हमारे कार्य में पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि ड्यूटी पर तैनात तकनीशियन उनके, ज्यूरिस्ट और मुर्दाघर के कर्मचारियों के सम्पर्क में रहें। आई बैंक के स्टिकर एवं पोस्टर अस्पताल में उचित स्थानों पर लगा दिए गए हैं, जिन पर हमारा फोन नंबर अंकित है।

यहां पर होने वाली मृत्यु का डेटा का अध्ययन करने की आवश्यकता है, जिससे कि हम यहां कार्य करने की सही योजना गठित कर सकें।

कुछ समय बाद यहाँ एक नेत्रदान जागरूकता सत्र आयोजित करने की योजना है, जिसमें हम चिकित्सा कर्मियों एवं नर्सिंग स्टाफ से रूबरू होकर उन्हें अपने कार्य एवं संस्था के बारे में बता सकें।

**– अंजु जैन**

# मेरा बच्चा दुनिया देखेगा

मैं कृष्ण गोपाल पुत्र रामजीलाल, उम्र 45 वर्ष निवासी कलोता, जिला दौसा से हूँ। मैं प्राइवेट विद्यालय में शिक्षण का कार्य करता हूँ। मेरी शिक्षा आईटीआई (कम्प्यूटर) से है। मेरे परिवार में दो बेटे हैं और मेरी धर्मपत्नी श्रीमती मीरा देवी आंगनबाड़ी में आशा सहयोगिनी का कार्य करती है। जहां तक नेत्रदान की जानकारी रखने की बात है तो आज से पांच साल पहले मैं टी.वी. पर एक कार्यक्रम में ऐश्वर्या राय द्वारा नेत्रदान पर बात करते सुना था। फिर कुछ दिन बाद एक अखबार में भी नेत्रदान महादान का एक लेख पढने में आया, तो मुझे लगा कि जीवन में नेत्रदान जरूर करना चाहिये क्योंकि अपने जाने के बाद भी अपनी आंखें किसी के काम आ सकती हैं और मेरे दिमाग में यह बात घर कर गई थी कि मरने के बाद नेत्रदान तो जरूर करना चाहिये।

भगवान ने मेरे ऊपर दु:खों का पहाड़ तोड़ा कि अचानक मेरे बेटे मनोज को एक दिन अचानक हार्ट अटैक हो गया। मैं बच्चे को बचाने की कोशिश में उसे दौसा लेकर आया किन्तु वहाँ उसका इलाज संभव नहीं हो सका। और उसे जयपुर रेफर कर दिया गया।

मैंने तुरन्त एम्बूलेंस की व्यवस्था की और जयपुर एसएमएस अस्पताल की इमरजेंसी में पहुँचा। वहाँ डॉ. ने उसे देखा और तुन्त इमरजेन्सी से आई. सी. यू. में भिजवाया जहाँ उसका इलाज शुरु हुआ डॉक्टरों की पूरी कोशिश के बाद भी मेरे बेटे को बचाया नहीं जा सका।

जैसे ही डॉ. साहब ने मुझे कहा कि अब आपका बच्चा इस दुनिया में नहीं रहा तो मैं सोच ही नहीं पाया कि क्या हुआ है? मैं एकदम सन्नाटे में आ गया और मेरे आगे अंधेरा सा छा गया।

परन्तु मुझे मेरे पिता से जीवन में हिम्मत से काम लेने की शिक्षा मिली हुई थी। मैं अपने आपको सम्भाल कर सोचा बेटा तो गया परन्तु बेटे का कोई अंग किसी के काम आ सकते हैं तो मैंने डॉ. व स्टाफ को तुरन्त कहा कि मुझे इसका नेत्रदान करना है।

वहीं पास ही नेत्रदान की टीम का सदस्य खड़ा था वह मेरे पास आया और उसने मुझे हिम्मत बधाई कि पहले आप डॉ. साहब के कहे अनुसार कागजों की खानापूर्ती कर लें उसके बाद आपके बच्चे का नेत्रदान हो जायेगा। मृत्यु के बाद केवल नेत्रदान ही संभव होगा, अन्य अंग मृत्यु के बाद काम नहीं आयेंगे। यह जानकारी देकर वे मेरे साथ मिलकर कागजी कार्यवाही करवाने में लग गये।

मेरा बेटा 18 वर्ष का था। वह गवर्नमेंट नौकरी में लग चुका था। मुझे बड़ा दु:ख हुआ परन्तु सन्तोष इस का बात था कि मेरे बेटे की आँखें आज भी किसी के लगकर उन आँखों के द्वारा इस दुनिया को देखेंगी। मैं अपनी स्वयं की आँखें भी दान करने का संकल्प लेना चाहता हूँ।

मैं अपने दिल से आई बैंक टीम का धन्यवाद करना चाहूंगा जो इस तरह का पुण्य काम कर रही हैं।

**श्री कृष्णगोपाल जी**
**दृष्टिदाता के पिता**

# जन चेतना का सशक्त माध्यम : नुक्कड़ नाटक



प्रतिवर्ष दिनांक 25 अगस्त से 8 सितम्बर तक नेत्रदान जागरूकता पखवाड़ा मनाया जाता है। गत कुछ वर्षों से जयपुर में गणेश जी के मंदिर से इस पखवाड़े की शुरुआत के समय नुक्कड़ नाटक भी कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया जाता है, जिसे वहाँ आए दर्शनार्थी रुककर देखते हैं और नेत्रदान की व्यावहारिक जानकारी आनंद के साथ संवादों एवं अभिनय के माध्यम से प्राप्त करते हैं। बीच-बीच में आयोजित होने वाले जागरूकता कार्यक्रमों में, विशेषकर शैक्षिक संस्थानों, पत्रिका गेट एवं अन्य ऐसे ही लोगों के इकट्ठे होने वाले स्थानों का चयन कर ढोल की थाप के साथ प्रश्नोत्तर माध्यम से स्वप्रेरित कलाकारों के द्वारा नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन होता रहा है।

नुक्कड़ नाटक अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम है। जब हल्ला बोल प्रस्तुति का देशव्यापी प्रभाव देखा तो नुक्कड़ नाटक की सार्थकता और अपार शक्ति का आभास हुआ। सोचा कि क्यों नहीं इस विधा को नेत्रदान जैसे सामाजिक सरोकार से जोड़ कर प्रयोग किया जाये इसी सोच से रवि कामरा जी व आत्माराम जी की प्रेरणा से नेत्रदान हेतु नुक्कड़ नाटक के लेखन, निर्देशन और अभिनय का दायित्व वहन किया। **'तमसो मा ज्योर्तिगमय'** नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुतियां दी गई। परिणाम उत्साहवर्धक रहे। नेत्रदान सम्बन्धी भ्रान्तियों का समाधान दर्शकों से सीधे संवाद के साथ हुआ, दर्शकों ने संकल्प पत्र भरे, कुछ अन्य स्थानों पर नाटक करने के सुझाव भी आए, कलाकारों में प्रशंसा से आगे बढ़ने का उत्साहवर्धन हुआ।

नुक्कड़ नाटक प्राय: सामाजिक-राजनीतिक जागृति के लिए सार्वजनिक स्थानों पर जैसे पार्क सड़क के किनारे, मेलों में, माल्स के बाहर जहाँ भी लोगों का आवागमन अधिक होता है, किये जाते हैं। इसमें रंगमंच जैसे अधिक साधनों का उपयोग नहीं किया जाता है। इससे माईक वेशभूषा, मेकअप, मंच सज्जा बिल्कुल महत्त्वपूर्ण नहीं होती है। इसमें केवल सामाजिक संदेश को कैसे प्रभावी बनाया जाये और जनमानस तक पहुँचाया जाये यही उद्देश्य रहता है।

यह जनता से सीधा जुड़ाव का एक सशक्त माध्यम है। नुक्कड़ नाटक नाट्य प्रस्तुति में स्थानीय भाषा में प्रस्तुति पर विशेष ध्यान दिया जाता है। किन्तु परिस्थितियों के अनुसार इनका स्वरूप निरंतर बदल जाता है जो कि आधुनिक समय की मांग भी है। प्रारम्भ में ग्रामवासी सायंकाल श्रम के पश्चात् मनोरंजन के लिए इस विधा का प्रयोग करते थे।

भारत में आधुनिक नुक्कड़ नाटक का प्रवेश सन् 1943 में हुआ। सन् 1944 में पहला नुक्कड़ नाटक बिजाने भट्टाचार्य द्वारा लिखित 'नबन्ना' की प्रभावी प्रस्तुति हुई जो कि बंगाल के अकाल और किसानों की दयनीय स्थिति को उजागर करने में सफल हुई।

आधुनिक भारत में नुक्कड़ नाटक को प्रभावी बनाने में सफदर हाशमी का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है। सफदर हाशमी के अभूतपूर्व योगदान के सम्मान में उनके जन्मदिन 12 अप्रैल को राष्ट्रीय नुक्कड़ नाटक दिवस के रूप में मनाया जाता है।

मेरे रंग कर्म की यात्रा का प्रारम्भ भी नुक्कड़ नाटक में अभिनय से ही हुआ जो लेखन निर्देशन की पायदान से रंग कर्म की मंजिल की ओर निरन्तर अग्रसर है। जयपुर शहर में हुई प्रस्तुतियों में मेरी सक्रिय भागादारी रहती है। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भ्रष्टाचार, पर्यावरण, बाल श्रम, अनिवार्य शिक्षा, महिला शिक्षा, प्रौढ़ शिक्षा, उपभोक्ता जागरूकता नेत्रदान, अंगदान विषयों पर नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से जन जागृति का क्रम निरन्तर जारी है।

**श्री एस. पी. वर्मा**
सदस्य, ईबीएसआर





## अजमेर :

# विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से 3000 लोगों तक पहुँच




पखवाड़े के दौरान अजमेर चैप्टर नेत्र संग्रहण केन्द्र की ओर से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। दिनांक 26 अगस्त, 2025 को जे.एल.एन. मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर्स, नर्सिंग स्टॉफ एवं मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों, ईबीएसआर टेक्नीशियन एवं अजमेर केन्द्र के सभी सदस्यों के साथ नेत्रदान के कार्य में उनके सहयोग एवं अधिकाधिक कॉर्निया कलेक्शन की संभावनाओं पर चर्चा हेतु एक मीटिंग की गई। लगभग 100 सहभागी की उपस्थिति रही।

27 अगस्त को टाइम बैंक ऑफ इंडिया के सभी सदस्यों के साथ उनके सहयोग के लिये एक बैठक की गई जिसमें ईबीएसआर अजमेर की सभी गतिविधियों की जानकारी देते हुए भविष्य की कार्य योजना पर भी चर्चा की गई।

नेत्रदान के प्रति अधिकाधिक जागरूकता के लिये राजकीय नर्सिंग कॉलेज अजमेर-ब्यावर के प्रिंसीपल, स्टॉफ एवं नर्सिंग स्टूडेंट के साथ बातचीत कर नेत्रदान की सम्पूर्ण प्रक्रिया से उन्हें अवगत करवाया गया। आने वाले समय में जब वे नर्सिंग का कार्य करेंगे और मरीजों का विश्वास जीतेंगे तब वे नेत्रदान के लिये उन्हें भावनात्मक रूप से आसानी से सहमति प्राप्त करने में सहयोगी हो सकते हैं। इसी प्रकार का कार्यक्रम राजकीय अस्पताल नसीराबाद में भी आयोजित किया गया।

भारत विकास परिषद का इस पखवाड़े के दौरान कार्यक्रम आयोजन में पूरा सहयोग रहा। उनके दृष्टि सेवा संस्थान के सहयोग से सेंट्रल एकेडमी स्कूल, अजमेर राजकीय सी.से. स्कूल मसूदा में भी जनचेतना हेतु कार्यक्रम आयोजित किये गये। किशनगढ़ में वाई.एन. हॉस्पिटल, लायन्स क्लब भारत विकास परिषद एवं दृष्टि सेवा संस्थान के सहयोग से विशाल रैली का आयोजन किया गया जिसमें डॉक्टर्स, पेशेन्ट्स के परिवारजन, क्लब के सदस्यों एवं नर्सिंग स्टॉफ ने भी भाग लिया।

7 सितम्बर को एक प्रेस कान्फ्रेंस समस्त समाचार पत्रों एवं टी.वी. चैनल्स के रिपोर्टर्स के साथ आयोजित की गई जिसमें नेत्रदान की अब तक की उपलब्धियों के साथ-साथ सम्पूर्ण प्रक्रिया एवं भ्रान्तियों पर भी बात की गई जिसमें मीडिया बहुत सकारात्मक भूमिका निभा सकती है। अजमेर शहर में कार्यरत सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों, हॉस्पिटल के डॉक्टर्स, नर्सिंग स्टॉफ एवं गणमान्य लोगों के साथ बैठक कर कॉर्निया कलेक्शन को और अधिक बढ़ाने के लिये सामूहिक प्रयास एवं सहयोग के लिये आगे आने की बात की गई।

ब्यावर के अतिरिक्त कलेक्टर ने नेत्रदान का संकल्प पत्र भरकर अन्य लोगों को भी संकल्प पत्र भरने के लिये प्रेरित किया। पूरे पखवाड़े के दौरान कार्यक्रम के द्वारा लगभग 3000 लोगों तक नेत्रदान की बात पहुंचाने में सफल हो सके। इस कार्य में टेक्नीशियन अजमेर एवं सभी सदस्यों का भरपूर सहयोग रहा।





## उदयपुर :

# नेत्रदान पखवाड़े में 1500 संकल्प पत्र भरवाए गये




- नेत्रदान पखवाड़े का शुभारम्भ दिनांक 25 अगस्त को किया गया जिसमें विभाग के ओपीडी में मरीजों एवं उनके रिश्तेदारों को नेत्रदान के बारे में जानकारी देने के लिए हैल्प डेस्क लगाई गई। पूरे पखवाड़े में नेत्रदान के लगभग 1500 संकल्प पत्र भरवाए गए। दिनांक 26 अगस्त को ऑल इंडिया रेडियो पर श्री नवीन कुमार जीनगर नेत्रदान कोऑर्डिनेटर एवं नेत्र रोग विभाग रवीन्द्रनाथ टैगोर मेडिकल कॉलेज के साथ श्री राजेन्द्र सिंह जी की वार्ता प्रसारित हुई जिसमें नेत्रदान की सम्पूर्ण प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

- दिनांक 27 अगस्त को महाराणा भोपाल राजकीय हॉस्पिटल में एक रैली का आयोजन किया गया जिसमें डॉ. विजय गुप्ता अतिरिक्त प्रधानाचार्य प्रथम एवं विभाग अध्यक्ष नेत्र रोग विभाग डॉ. अशोक बैरवा, डॉ. अनुशी शर्मा, डॉ. प्रज्ञा गर्ग, रेखा नागर, नेत्रदान काउंसलर आई बैंक सोसायटी के अध्यक्ष सूरजमल जी पोरवाल, प्रेमलता जी मेहता, राजेन्द्र जी भंडारी, सभी वरिष्ठ डॉ., रेजीडेंट डॉ., नर्सिंग ऑफिसर्स, डी.ओ.टी. स्टूडेंट, नर्सिंग कॉलेज के प्रधानाचार्य, नर्सिंग कॉलेज के सभी स्टूडेंट, एमबीबीएस विद्यार्थी सम्मिलित हुए एवं महाराणा भूपाल हॉस्पिटल से आपातकालीन इकाई, ट्रोमा मोर्चरी और सुपरीन्टेडेंट ऑफिस तक रैली का आयोजन किया गया जिसमें बैनर तख्तियों एवं नेत्रदान जागरूकता के नारे भी प्रदर्शित किये गये।

- दिनांक 29 अगस्त से 31 अगस्त तक लेमिनार केरेटोप्लास्टी के ऊपर एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया जिसमें डॉ. विकास मित्तल और डॉ. रुचि मित्तल हरियाणा से आए एवं लगभग आठ ऑपरेशन किए गए। इस नई तकनीक से राजस्थान में पहली बार ऑपरेशन किये गये। इसमें एक कॉर्निया से दो लोगों को रोशनी प्राप्त होती है। यह उदयपुर नेत्र रोग विभाग एवं रवीन्द्रनाथ मेडिकल कॉलेज के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि रही।

- 31 अगस्त को फतेहसागर की पाल पर मेडिकल कॉलेज के ड्यूटी विद्यार्थियों द्वारा एक नाटक का बहुत ही सुन्दर प्रस्तुतीकरण किया गया। फतेहसागर पाल पर सैलानियों को नेत्रदान के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर डॉ. विजय गुप्ता, आई बैंक सोसायटी से सूरजमल जी पोरवाल, अनिल जी मेहता, प्रेमलता जी मेहता, श्री नवीन कुमार जी जीनगर उपस्थित रहे।

- 1 सितम्बर को एमबीबीएस विद्यार्थियों में नेत्रदान जागरूकता के लिए एक क्विज का आयोजन किया गया एवं विजेताओं को सर्टिफिकेट एवं इनाम दिए गए।

- दिनांक 2 सितम्बर को फतेहसागर पाल पर एक महा रैली का आयोजन किया गया जिसमें डॉ. विजय गुप्ता, रवीन्द्र नाथ टैगोर मेडिकल कॉलेज से डॉ. ऋषि मेहता, गीतांजलि मेडिकल कॉलेज से डॉ. सुबोध अग्रवाल, तारा संस्थान डॉ. विनय जोशी, जीबीएच अमेरिकन हॉस्पिटल के प्रधानाचार्य के साथ सूरजमल जी पोरवाल एवं आप्थोमेलोजी के स्टूडेंट उपस्थित रहे।






### सरदारशहर :

# नेत्रदान जागरूकता रैली का आयोजन




40वाँ राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा दिनांक 25 अगस्त से 8 सितम्बर, 2025 तक आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान, चूरू चैप्टर नेत्र संग्रह केन्द्र सरदारशहर द्वारा चूरू जिले के सभी विधानसभा क्षेत्र सरदारशहर, तारानगर, चूरू, राजगढ़, रतनगढ़ तथा सुजानगढ़ में राजकीय चिकित्सालयों, सरकारी एवं गैर सरकारी महाविद्यालयों तथा ग्रामीण क्षेत्र के गांवों, कस्बों तथा ढाणियों में भी नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम पूरे 15 दिनों तक लगातार आयोजित किया। विशेषकर जागरूकता संगोष्ठियों, चौपाल, वार्ता, पोस्टर, प्रदर्शनी, नेत्रदान, पोस्टर विमोचन, नेत्रदान सम्बन्धी फिल्म 'दृष्टि' का प्रदर्शन, नेत्रदान जागरूकता प्रचार सामग्री वितरण नेत्रदान के प्रति समाज में फैली भ्रान्तियों को दूर करना, विद्यालयों में नेत्रदान आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित कर अव्वल रहने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

नेत्रदान जागरूकता रैली का आयोजन कर नेत्रदान के प्रति जागरूक किया। चूरू जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, राजकीय जिला अस्पताल, उप जिला अस्पताल, राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, उपस्वास्थ्य केन्द्र के मोर्चरी, ट्रोमा सेंटर तथा चिकित्सालय परिसर में नेत्रदान जागरूकता पोस्टर लगाये गये। आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान जयपुर से प्राप्त जागरूकता पोस्टर को व्यापक रूप से प्रदर्शित किया।

जिला प्रशासन व चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग चूरू द्वारा नेत्रदान जागरूकता बैनर मुख्य-मुख्य जगहों पर लगा कर एवं जागरूकता पैम्पलेट्स सम्पूर्ण चूरू जिले में वितरित कराये गये। चूरू जिले के राजकीय एवं गैर-सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों एवं कर्मचारियों से मिलकर नेत्रदान में सहयोग मांगा गया तथा नेत्रदान के संकल्प पत्र भरवाये गये। चूरू स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मेडिकल कॉलेज में कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. एम.एम. पुकार से मिलकर नेत्रदान के बारे में विस्तार से विचार-विमर्श किया। डॉ. पुकार ने हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

सरदारशहर उपखण्ड अधिकारी डॉ. दिव्या चौधरी, एस.बी.डी. राजकीय महाविद्यालय सरदारशहर के प्राचार्य कविता शर्मा, राजकीय कन्या महाविद्यालय सरदारशहर के प्राचार्य डॉ. योगेश चाहर, तारानगर के राजकीय उप जिला चिकित्सालय के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवीलाल जोशी, राजकीय जिला अस्पताल रतनगढ़ के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. राकेश चाहर, राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र साहवा के प्रभारी डॉ. राजेन्द्र कुमार मेघवाल, राजकीय उप जिला चिकित्सालय सरदारशहर के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. चन्द्रभान जांगिड़ से सम्पर्क कर ज्यादा से ज्यादा नेत्रदान कराने की अपील की गई।

पखवाड़े के दौरान श्री भंवरलाल दुग्गड़ आयुर्वेद विश्व भारती महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रविन्द्र कुमार नेत्र संग्रह केन्द्र के समन्वयक गणेशदास स्वामी व तकनीशियन भंवरलाल प्रजापत ने लगातार चूरू जिले में नेत्रदान जनजागरण अभियान चलाकर आमजन को नेत्रदान का महत्त्व समझा कर नेत्रदान के लिए प्रेरित किया।






## पाली :

# 40वें राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा के अन्तर्गत नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम




40वें राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े के अन्तर्गत आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान, पाली चैप्टर एवं सेवा समिति (वृद्धाश्रम) पाली के संयुक्त तत्वावधान में नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस




कार्यक्रम में वृद्धाश्रम में निवास कर रहे सभी बुजुर्गों एवं फिजियोथैरेपी हेतु पधारे हुए सभी प्रबुद्धजनों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में पाली में नेत्रदान को प्रोत्साहन देने हेतु डॉ. आर.के. गर्ग ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि आप सभी अपनी आँखें पांच मिनट बन्द रखकर महसूस करें कि आपको कैसा लगता है फिर नेत्रहीन की आँखें तो उसकी पूरी जिन्दगी के लिए बन्द हैं। आप अपने मरणोपरान्त अपनी आँखें अथवा अपने किसी रिश्तेदार, जान पहचान के व्यक्ति की मृत्यु होने पर नेत्रदान करवा कर उन व्यक्तियों की जिन्दगी में रोशनी भर सकते है।

4 सितम्बर, 2025 को नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम रोटरी क्लब के सदस्यों के साथ आयोजित किया गया। क्लब अध्यक्ष श्री दिनेश चन्द्र मेहता, सचिव श्री वर्धमान भंडारी, श्री हुक्मी चन्द मेहता, पाली चैप्टर अध्यक्ष की सह उपस्थिति सभी सदस्यों को डॉ. आर.के. गर्ग द्वारा नेत्रदान के बारे में सम्पूर्ण जानकारी देते हुए नेत्रदान की आवश्यकता सभी को बताई।

लायन्स क्लब सुमेरपुर जवाई एवं चिकित्सा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता अभियान के अन्तर्गत विशेषज्ञ चिकित्सकों ने



उपस्थित लोगों को नेत्रदान का महत्त्व, नेत्रदान की सम्पूर्ण प्रक्रिया एवं भ्रान्तियों को दूर करने की जानकारी दी।

लायन्स क्लब सुमेरपुर के सहयोग से ही जलझूलनी एकादशी के उपलक्ष्य में विशाल शोभायात्रा के दौरान पाली चैप्टर द्वारा नेत्रदान सम्बन्धी साहित्य का वितरण किया तथा नेत्रदान के महत्त्व को सभी को बताया।




**31 अगस्त को नेत्रदान पखवाड़े के दौरान अमरापुर दरबार जयपुर में अमरापुर संत पूज मुनुराम जी के मार्गदर्शन में आई बैंक सोसाइटी ऑफ़ राजस्थान के द्वारा नेत्रदान जागरूकता डेस्क स्थापित की गई।**

**100 से ज़्यादा श्रद्धालुओं ने मृत्यु के बाद नेत्रदान करने का संकल्प लिया।**

**अमरापुर के संत मोनुराम ने अपने संदेश में श्रद्धालुओं से अपील की कि नेत्रदान एक आध्यात्मिक कार्य है। मृत्यु के बाद नेत्रदान करके आप तीन–चार लोगों को नई दृष्टि दे सकते हैं।**

**गोविंद गुरबानी आई बैंक सोसाइटी ऑफ़ राजस्थान के कार्यकारिणी सदस्य ने भी श्रद्धालुओं से अपील की कि वे देश में कॉर्नियल अंधता को दूर करने के लिए हमारी सोसाइटी के साथ जुड़ें।**

## जोधपुर :

# 40वाँ राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा






आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान, जोधपुर चेप्टर द्वारा नेत्र दान जागरूकता पखवाड़ा 25 अगस्त से 8 सितम्बर तक समाज मे नेत्र दान के प्रति जागृति हेतु विभिन्न कार्यक्रम किए गए। नेत्र दान परिवार की परम्परा बने इस हेतु मंदिरों मे पैंपलेट्स वितरित किए गए। पोस्टर, बोर्ड, फ्लेक्स लगाए गए। गणेश उत्सव के पंडालों मे डॉक्यूमेंटरी दिखा कर, वक्तव्य देकर समाज को जागरूक करने का प्रयास किया गया। जैन पर्यूषण पर्व पर विभिन्न व्याख्यान स्थलों पर नेत्र दान की महत्त्वता पर चर्चा कर लोगों को नेत्र दान हेतु प्रेरित किया गया। चेप्टर अध्यक्ष के अलावा सचिव पुखराज अग्रवाल, सदस्य निरूपा पटवा, राजेश सिंघवी ने महत्व पूर्ण भूमिका निभाई।

नेत्र दान पखवाड़ा का समापन सेन्ट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स के प्रांगण मे उप महानिरीक्षक अशोक कुमार स्वामी के मुख्य आतिथ्य मे किया गया। श्री स्वामी ने अपने सम्बोधन मे नेत्र दान को सामाजिक चेतना के द्वारा वृहद रूप से करने पर जोर देते हुए बताया कि जिन व्यक्तियों के कॉर्निया लग जाता है वे नई दुनिया मे प्रवेश कर जाते हैं। उनके एवम् पूरे परिवार के जीवन मे रोशनी का संचार हो जाने से एक नई उमंग, उत्साह का संचार हो जाता हैं। परिवार एवम् समाज के ऊपर जो बर्डन होती है वह मिट जाती हैं। व्यक्तियों को अंधेरे से उजाले की ओर बढ़ाने के लिए आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान के प्रयासों को सराहनीय बताते हुए उन्होंने बताया कि कश्मीर और अन्य जगहों पर आतंक वाद के चलते कई सिपाहियो को अपनी नेत्र ज्योति गंवानी पड़ी, लेकिन आई बैंको के प्रयासों से कई लोगो को कॉर्निया प्रत्यारोपण से पुनः दृष्टि प्राप्त हो रही हैं। उन्होंने यह भी बताया कि स्वयं ने कॉर्निया प्रत्यारोपित व्यक्तियों को देखा है, उनसे बात कर खुशी का अनुभव होता हैं। उन्होंने अपने मरणोपरांत नेत्र दान की घोषणा करते हुए अपने ट्रेनीज को प्रोत्साहित करते हुए इस सेवा को अग्रणी होकर करने को प्रेरित किया। आई बैंक, जोधपुर चेप्टर के अध्यक्ष राजेन्द्र जैन द्वारा इस दान की उपयोगिता बताते हुए भ्रांतियों को दूर करने के प्रयास किए। जैन ने बताया कि आंखो से कॉर्निया निकालते हुए कहीं खून नहीं आता न ही चेहरा विकृत होता हैं। इस अवसर पर डा. वंदना माथुर, आकाश मेहता, दामोदर कंसारा ने भी नेत्र दान के महत्व को बताते हुए अपने विचार व्यक्त किए।





## दौसा :

# समाज के लोगों से नेत्रदान की अपील



नेत्रदान जागरूकता अभियान के अन्तर्गत 26 अगस्त, 2025, ॐ शिव महिला टीचर ट्रेनिंग कॉलेज, दौसा प्रांगण में एक वर्कशॉप मीटिंग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रतिभागियों को विशेष रूप से नेत्रदान का महत्त्व और कॉर्निया प्रत्यारोपण की जानकारी प्रदान की गई।




दिनांक 27 अगस्त, 2025 को जनता क्लीनिक, बढ़िया मोहल्ला, दौसा में नेत्रदान जागरूकता अभियान शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर के आयोजन हेतु श्री डॉ. कुलदीप शर्मा से अनुमति प्राप्त कर ओपीडी समय में आने वाले मरीजों और उपस्थित लोगों को नेत्रदान से सम्बन्धित जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को बताया गया कि नेत्रदान क्यों आवश्यक है, और इससे समाज को क्या लाभ होता है। कॉर्निया ट्रांसप्लांट की प्रक्रिया और महत्त्व समझाया गया। लोगों को यह जागरूक किया गया कि मृत्यु के बाद नेत्रदान करके किसी नेत्रहीन व्यक्ति को नई दृष्टि दी जा सकती है। जो मृत्यु के बाद भी किसी की जिन्दगी में रोशनी ला सकता है।

1 सितम्बर, 2025 को दौसा के ब्लॉक राहुवास में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सेक्टर मीटिंग के दौरान लेडीज सुपरवाइजर के साथ मिलकर नेत्रदान जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आसपास के लोग भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी को स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारियाँ प्रदान की गईं और यह बताया गया कि नेत्रदान के माध्यम से लोगों का अंधापन किस प्रकार दूर किया जा सकता है।






4 सितम्बर, 2025 को आयुष्मान आरोग्य मंदिर जनता क्लीनिक, रेल्वे स्टेशन दौसा में नेत्रदान पखवाड़े के अन्तर्गत नेत्रदान जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान क्लीनिक में आने वाले मरीजों और वहां के स्टाफ को नेत्रदान से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

## बीबीजे :

# नेत्रदाता और परिजनों को सम्मान मिले, इस थीम पर मनाया गया नेत्रदान पखवाड़ा



नेत्रदाता और परिजनों को सम्मान मिले, इस थीम पर मनाया गया नेत्रदान पखवाड़ा। नेत्रदाता को मिली विशेष पहचान ही बढ़ा सकती है नेत्रदान।

25 अगस्त से 8 सितम्बर तक पूरे भारतवर्ष में 39वां नेत्रदान पखवाड़ा मनाया गया, जिसके तहत नेत्रदान के विषय पर कार्य कर रही सामाजिक संस्थाओं ने अपने-अपने स्तर पर कई सारी जागरूकता कार्यशालाएं, प्रतियोगिताएं, रैली, रघु नाटिका, पोस्टर विमोचन एवं कहानी लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया।

संस्था शाइन इंडिया फाउंडेशन एवं ईबीएसआर के बीबीजे चैप्टर ने अपने कार्य क्षेत्र बूंदी, बारां व झालावाड़ में जागरूकता कार्यशालाओं के अलावा नेत्रदाता और उसके परिवारों को समाज शहर और देश में विशेष पहचान मिल सके, इस उद्देश्य से भी कई सारे नवाचार किये।

नेत्रदानी और उनके परिवार के सदस्यों को विशेष सम्मान मिल सके, इसके लिए संस्था सदस्यों ने शहर में कुछ चिकित्सकों से बात करके ओपीडी को फ्री करवाया। इस प्रयास से 220 लोगों ने अलग-अलग चिकित्सकों के माध्यम से नि:शुल्क स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया।

एक अन्य नवचार के माध्यम से नेत्रदानी परिवार के सदस्यों को नवरंग ट्रेवल्स के द्वारा कोटा से पूरे प्रदेश में यात्रा करने पर नेत्रदान करने वाले परिवार के दो सदस्यों को बस टिकट पर 20% की छूट मिलेगी। इस तरह का प्रयास शाइन इंडिया संस्था के द्वारा पूरे प्रदेश भर में पहली बार किया गया है। इस नवाचार के माध्यम से भी 40 लोगों ने इसका लाभ प्राप्त किया।






पखवाड़े में आयोजित अन्य कार्यक्रमों में, झालावाड़ जिले के पुलिस अधीक्षक अमित कुमार और कोटा शहर की पुलिस अधीक्षक महोदया तेजस्विनी गौतम ने नेत्रदान जागरूकता से सम्बन्धित पोस्टर का विमोचन किया और नेत्रदान के संकल्प पत्र भी भरे।

नेत्रदान पखवाड़े के दौरान हाड़ौती संभाग में छह नेत्रदान प्राप्त हुए, ज्योति मित्रों ने नेत्रदाताओं के द्वारा आयोजित शोकसभा में जाकर नेत्रदान के बारे में जरूरी जानकारी दी और शोकाकुल परिवार के सदस्यों को प्रशस्ति पत्र भेंट किया।

ईबीएसआर चैप्टर के कोऑर्डिनेटर डॉ. कुलवंत गौड़ ने बताया कि नेत्रदान को शहर समाज में बढ़ाने के लिए यह आवश्यक है कि नेत्रदान के बाद में ऐसे परिवारों को शहर समाज में एक विशेष दर्जा मिले, जिससे वह स्वयं को गौरवान्वित महसूस करें साथ ही अन्य लोग भी नेत्रदान के लिए प्रेरित होंगे।

दैनिक भास्कर कोटा 25-08-2025

### एसपी तेजस्वनी गौतम ने भरा नेत्रदान संकल्प-पत्र



कोटा| एसपी तेजस्विनी गौतम ने रविवार को नेत्रदान का संकल्प पत्र भरा। साथ ही सोमवार से शुरू होने वाले 40वें नेत्रदान जागरूकता पखवाड़े के पोस्टर का विमोचन किया। इस दौरान एएसपी दिलीप सैनी भी मौजूद थे। एसपी तेजस्विनी गौतम ने कहा कि नेत्रदान, अंगदान आज के समय की आवश्यकता है। शाइन इंडिया फाउंडेशन के डॉ. कुलवंत गौड़ ने बताया कि पखवाड़ा में रात्रि चौपाल, जागरूकता रैली, ग्रामीण विद्यालयों में नेत्रदान जागरूकता कार्यशालाएं होंगी।

## कोटा :

# 40वाँ राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा




24 अगस्त, 2025 को नेत्रदान जागरूकता के लिए पोस्टर विमोचन कोटा के विधायक श्री संदीप शर्मा द्वारा किया गया। श्री जी.डी. पटेल, श्री सुरेश सेडवाल, श्री के.एल. गुप्ता, श्री रिकूं ओझा टेक्नीशियन ने भाग लिया। डॉ. के.के. कंजोलिया अध्यक्ष ईबीएसआर ने नेत्रदान के लाभ, उपयोगिता आदि की जानकारी सभी को दी।

27 अगस्त, 2025 को प्रोफेसर एस.के. सिंह, उपकुलपति राजस्थान टेक्नीकल यूनिवर्सिटी की आतिथ्य में नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन वहां की फैकल्टी एवं विद्यार्थियों के लिये किया गया। लगभग 300 लोगों ने भाग लिया। सभी को नेत्रदान की सम्पूर्ण प्रक्रिया समझाई गई। ईबीएसआर कोटा के सभी सदस्यों की सहभागिता रही। युवाओं को प्रेरित अवेयरनेस के अन्य कार्यक्रम एलजेईबीआरए कॉलेज रावतभाटा में 28.8.25 को आयोजित किया गया। पखवाड़े के दौरान राजकीय कॉलेज कोटा, राजकीय गर्ल्स कॉलेज कोटा में भी इसी प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये गये।

सेंट्रल जेल में 5 सितम्बर, 2025 को जेल सुपरिन्टेंडेंट भरतसिंह राठौड़ की अध्यक्षता में महिला एवं पुरुष कैदियों के लिए नेत्रदान की सम्पूर्ण प्रक्रिया एवं भ्रान्तियों पर चर्चा कर उन्हें नेत्रदान करने के लिए संकल्प पत्र भरने के लिये प्रेरित किया।










# नेत्र दानदाताओं की सूची

क्र.स. नाम पता

## जुलाई 2025

1. प्रेम देवी नाहर, उदयपुर
2. लक्ष्मी गुप्ता, कोटा
3. कमल शर्मा, भीलवाड़ा,
4. संतोष देवी चोपड़ा, उदयपुर,
5. प्रभुलाल दायमा, अजमेर,
6. सुरन्दर पाल जी बंसल, अजमेर
7. बृजमोहन, आगरा
8. वीरेन्द्र कुमार जैन, बूंदी
9. ललित कुमार नाहर, झालावाड़
10. श्रीमती शोभा देवी वासवानी, भीलवाड़ा
11. रोशन वर्मा, (श्रीमाधोपुर) सीकर
12. अंजू खंगारोत, रूपनगढ़
13. पूजा मावर, जोधपुर
14. अशोक सिंह, कोटपूतली बहरोड़
15. भगवान लाठी, बूंदी
16. रेखा देवी, जयपुर
17. दीपा राम, बाडमेर
18. अरविंद कुमार कंजोलिया, कोटा
19. जयसिंह रावत, अजमेर
20. कला देवी, कोटा
21. हंसराज पारीक, उदयपुर
22. तुलसी देवी, दौसा
23. पवन शर्मा, सवाईमाधोपुर
24. जयकरण, चूरू
25. सरला देवी, सीकर
26. कन्हैया, मथुरा
27. रामनरेश, धौलपुर
28. गोविंद राम, जयपुर
29. रतन लाल काबरा, भीलवाड़ा
30. विजय कुमार, कोटा
31. नरेश कुमार जैन, जोधपुर
32. कमला देवी, अलवर
33. संजू देवी, जयपुर
34. राज कुमार, जयपुर,
35. बंटू, चारू
36. कुलदीप, हनुमानगढ़
37. प्यार सिंह, सवाईमाधोपुर
38. भवर लाल, जोधपुर
39. गौरव शर्मा, अजमेर
40. सुशीला मालू, जयपुर
41. लाची देवी, सीकर
42. मंदर बैरवा, दौसा
43. मनीषा स्वामी, जोधपुर
44. श्रीमती कमला देवी मूंदड़ा, ब्यावर
45. विमल कुमार जैन, झालावाड़
46. दौलत राठी, जोधपुर
47. सुरेश तेहलानी, अजमेर
48. राम नारायण प्रजापत, अजमेर
49. सुरेंद्र कुमारी, श्रीगंगानगर
50. सुशीला देवी चोरडिया, चूरू
51. मूली देवी मालानी, जोधपुर
52. पवन चंद भंडारी, जोधपुर
53. नरेन्द्र कुमार नेगी, जोधपुर
54. जितेन्द्र सक्सेना, जयपुर
55. पालाराम, बीकानेर
56. कमला बालचंदानी, कोटा
57. नीर भारती, अजमेर
58. सुरेश कुमार जैन, बूंदी
59. हीरालाल, जयपुर
60. दीपक तेवर, जयपुर
61. मनोज कुमार, भीलवाड़ा
62. सुमित्रा देवी सैन, पाली
63. सुरेश बाबू, अलीगढ (उ.प्र.)
64. सुरेश कुमार, जयपुर
65. विद्या सिंघल, कोटा
66. सुभाष चन्द्र लोहार, राजसमंद
67. दलाराम, जोधपुर
68. मुकेश सांखला, जोधपुर
69. विमला देवी जैन, बूंदी
70. रणवीर राठौड़, नागौर
71. लवलीश, बिंदायका
72. धनजी, सवाईमाधोपुर
73. मंदीप, जयपुर
74. रेखा मालू, कोटा
75. रेणु जैन, कोटा
76. प्रेम देवी, उदयपुर,
77. सुशील मदान, कोटा
78. कौशल्या दरगानी, जयपुर
79. कांति देवी, अलवर
80. राहुल गर्ग, भरतपुर
81 कन्हैया लाल, जयपुर
82. अंजलि रमानी, जोधपुर
83. चन्द्र प्रकाश गुप्ता, कोटा
84. कृष्णकांत अग्रवाल, झालावाड़

## अगस्त, 2025

1. विमला देवी, पाली
2. हीरा देवी, जयपुर
3. सुशीला झावर, पाली
4. रतन लाल जैन, जोधपुर
5. मुना लाल भटवाड़ा, ब्यावर
6. प्रकाश रानी गुप्ता, कोटा
7. नवप्रभा लोढ़ा, भीलवाड़ा
8. किशन कांकरिया, पाली
9. ओमप्रकाश कटारिया, कोटा
10. भावना लोढ़ा, उदयपुर
11. अशोक पाहुजा, उदयपुर,
12. चंदा देवी गुप्ता, कोटा
13. कौशल कोली, कोटा
14. श्रीमती रूपीना कोचर, जोधपुर
15. राजकुमार भंडारी, जोधपुर
16. कमला देवी दुलानी, जोधपुर
17. अंजू शर्मा, जयपुर,
18. संपत बाई, जावरा
19. राजेश सचति, किशनगढ़
20. श्रीमती आशा देवी बोहरा, ब्यावर
21. सुशील सिंघवी, उदयपुर
22. सगुन चंद सांखला, जोधपुर
23. योगेश बालानी, जयपुर,
24. त्रिशला जैन, जयपुर,
25. त्रिलोक चंद जैन, झालवाड़,
26. मनीष कुमार बैरवा, अलवर
27. विमल कुमार डागा, शास्त्री नगर
28. रमेश सिंह रावत, भीलवाड़ा
29. सुनील कुमार, अनूपगढ़
30. काव्या जैन, बूंदी
31. छोटी लाल जयपुर
32. धर्मवीर गुर्जर, टोंक
33. देवीलाल प्रजापति, मंदसौर (म.प्र.)
34. शुभम जैन, ब्यावर
35. विद्या देवी, कोटा
36. गजानंद, जयपुर
37. महिंद्रा कौर सिद्धू, कोटा
38. द्रौपदी, भरतपुर
39. गंगाराम, जोधपुर बहरोड़
40. कोमल मीना, टोंक
41. कोमल, फिरोज़ाबाद (उ.प्र.)
42. रोहिताश, डीडवाना

# नेत्र दानदाताओं की सूची

| क्र.स. | नाम | पता |
|---|---|---|

43. कृपाल सिंह, सीकर
44. फ़ैज़ मोहम्मद, बीकानेर
45. चंद्रावती सोनी, दौसा
46. मूलचंद, जोधपुर
47. मनीष कुमार सैन, अजमेर
48. अंकित बैरवा, दौसा
49. संजय कुमार, झुंझुनू
50. राजू, जयपुर
51. गोपाल लाल नायक, जयपुर
52. किरण वर्मा, जयपुर
53. अजीत, बहरोड
54. शंकर लाल जांगिड़, जयपुर
55. श्रीमती हेमा देवी नरवानी, अजमेर
56. विनोद बैरवा, जयपुर
57. मीरा बाई जयसवानी, भीलवाड़ा
58. पप्पू राम, दौसा
59. अनुसूया पारीक, कोटा
60. गोपेश शर्मा, भरतपुर
61. कैलाश सिंह, जयपुर
62. काव्या जैन, ब्यावर
63. भादर राजपूत, जिगरदिया आगर
64. अर्जुन धानका, जयपुर
65. सूर्यप्रकाश बैरवा, जयपुर
66. भादर राजपूत, गिकाडिया आगर
67. अशोक कुमार शर्मा, जोधपुर
68. नर्मला जांगिड़, जोधपुर
69. राकेश बैरवा, जयपुर
70. गिरधारी लाल मोटवानी, झालावाड़
71. सुनीता जैन, झालावाड़
72. विजय कुमार नायक, गंगानगर
73. कल्पना, सरदारशहर
74. बनवारी लाल गुर्जर, दौसा
75. सुश्री मंजू लोढ़ा, जयपुर
76. राकेश कुमावत, सीकर
77. नरेंद्र, उदयरामसर
78. रमेश चन्द्र चपलोत, राजसमंद
79. कमला बाई जैन, कोटा
80. आत्माराम किशनानी, भीलवाड़ा
81. नरेश अग्रवाल, भीलवाड़ा
82. जवारी लाल नाहर, ब्यावर
83. राखी गर्ग, ब्यावर
84. नवीन, झुंझुनू
85. गीता देवी, झालावाड़
86. विक्रम मेघवंशी, अजमेर
87. अभिषेक, करौली
88. पप्पू शर्मा, दौसा
89. पवन मीना, जयपुर
90. माया देवी, अलवर
91. भगवानदास छानवानी, अजमेर
92. बसंत गांधी, जोधपुर
93. छत्तर सिंह फत्तावत, उदयपुर
94. अशोक अनेजा, श्रीगंगानगर
95. सोहन लाल, पाली
96. सरोज, धौलपुर
97. अजय सिंह, भरतपुर
98. मांगीलाल, अलवर
99. पुष्पा देवी, पाली
100. मनीषा, पाली
101. लता जैन, पाली
102. सुरेश, करौली
103. चंद्रकांत ढींगरा, कोटा
104. जालू राम, चूरू
105. धर्मेन्द्र सिंह, आगरा
106. गगनदीप, हनुमानगढ़ (सुरेशिया)
107. डॉ एम. सी. जैन, बारां
108. निर्मल जैन, झालावाड़,

### सितम्बर 2025

1. कविता भंडारी, पाली
2. जाकिर अली, जयपुर
3. सुनील कुमार किराड़ू, अलवर
4. दीपा राम, ब्यावर
5. समीर भांड, ब्यावर
6. मनीष मेहरा, टोंक
7. राजेंद्र झालानी, जयपुर
8. पुष्पलता गुप्ता, जयपुर
9. कपिल कुमार, डीग
10. देवेन्द्र गढ़िया, जोधपुर
11. इमरता राम, बीकानेर
12. वीणा गांधी, कोटा
13. कंचन देवी जैन, जयपुर
14. राहुल जलोटा, पंचवटी
15. राम प्यारी, सवाईमाधोपुर
16. विश्राम योगी, दौसा
17. रामकुमार भारद्वाज, कोटा
18. माया देवी, आजाद नगर
19. सुशीला देवी, जयपुर
20. मनोहर लाल, अलवर
21. श्रीमती प्रतिभा राठी, कुचामन सिटी
22. मोहन, श्योपुर (म.प्र.)
23. बृजमोहन, दौसा
24. रूपचंद ऑड, जोधपुर
25. अनुराधा जालानी, जोधपुर
26. विष्णु कुमार मीना, दौसा
27. गिरधारी लाल मीना, जयपु
28. फूलवती देवी, जयपुर
29. अनिल कुमार भारद्वाज, उदयपुर
30. राम सिंह, जयपुर
31. सुषमा जैन, कोटा
32. कृष्णा देवी, श्रीगंगानगर
33. जीतेन्द्र महावीर, करौली
34. अमरेश मीना, करौली
35. गुड्डी देवी, भरतपुर
36. उषा देवी चोरडिया, चूरू
37. कृष्णा गावला, टोंक
38. सरिता देवी, सीकर
39. हीरा बाई मादरेचा, उदयपुर
40. जानम बाई, गुना (म.प्र.)
41. रामसिंह रावत, अजमेर
42. अमरजीत, बीकानेर
43. रवीन्द्र सिसौदिया, अजमेर
44. कविता मीना, धौलपुर
45. मलेश सोमानी, शास्त्री नगर
46. मोहनलाल लूणिया, बीकानेर
47. पदमचंद, जयपुर
48. लेखराज बालाणा, जयपुर
49. मंजू, शिकार
50. चतुर लाल, दौसा
51. सुमन सक्सैना, कोटा
52. शिमला गौतम, कोटा
53. माया देवी, भीलवाड़ा
54. हितेश कुमार, सवाईमाधोपुर
55. गोलू जाटव, करौली
56. लालाराम बंबानी, बापूनगर गली नंबर 2
57. कुलदीप जैन, अजमेर
58. हेमलता जैन, कोटा
59. राकेश कुमार, दौसा
60. बलवीर सिंह, हाथरस, शुदकला
61. बाबूलाल सैनी, झुंझुनूं
62. हरिओम सैनी, कोटा
63. विजय देवी, जयपुर
64. ज्ञानचंद्र बिलवाडिया, महिला आश्रम
65. दीपेश मेहरा, टोंक

# नेत्र दानदाताओं की सूची

| क्र.स. | नाम | पता |
|---|---|---|
| 66. | मोहन लाल अरोड़ा | किशनगढ़ |
| 67. | रतन बाई सैनी | झालावाड़ |
| 68. | सुरेश चंद अग्रवाल | झालावाड़ |
| 69. | लालचंद शर्मा | हनुमानगढ़ |
| 70. | जगदीश मीना | टोंक |
| 71. | राजेश कुमार | भरतपुर |
| 72. | कृष्ण कुमार चौहान | जयपुर |
| 73. | दयाबाई माहेश्वरी | कोटा |
| 74. | लोकेश सिंह | श्रीमाधोपुर (सीकर) |
| 75. | रामकिशन | बाबरपुर |
| 76. | जयसिंह भाटिया | जयपुर |
| 77. | उमराव | जयपुर |
| 78. | सुभाष चंद जैन | बूंदी |
| 79. | धन्ना लाल गुप्ता | कोटा |
| 80. | मोनू सामौता | जयपुर |
| 81. | रोशन सिंह | झुंझुनूं |
| 82. | हीरा चंद सुराना | जयपुर |
| 83. | काडू राम बैरवा | साऊपुर (म.प्र.) |
| 84. | बाबू लाल गुंड | कोटा |
| 85. | शीशपाल | जयपुर |
| 86. | मीना जैन | झालावाड़ |
| 87. | भागली देवी | बीकानेर |
| 88. | खेमराज | टोंक |
| 89. | डॉ. अनिल लाहोटी | भीलवाड़ा |
| 90. | रवीश कुमार गोयल | कोटा |
| 91. | रीना काठात | ब्यावर |
| 92. | मीठू देवी सुराणा | भीलवाड़ा |
| 93. | संदीप वाधवा | मॉडल टाउन 2 |
| 94. | नीरज कुमार | जयपुर |
| 95. | तुषार उपाध्याय | झालावाड़ |
| 96. | गुलाब चंद तुलसानी | रावला मोहला सरवर |
| 97. | जयकुमार जैन | कोटा |
| 98. | चन्द्र प्रकाश | जयपुर |
| 99. | अनसुइया | पीलीबंगा |
| 100. | चंदा देवी | जयपुर |
| 101. | शांति देवी | चूरू |
| 102. | वीर शर्मा | कोटा |
| 103. | शोर्या शर्मा | कोटा |
| 104. | भाग्यशाली कुमावत | जयपुर |
| 105. | विद्या एलानी | जयपुर |
| 106. | सुभाष चंद सोनी | परवतसर |
| 107. | रामावतार | सीकर |
| 108. | मुनिया देवी | गया (बिहार) |
| 109. | भरत लाल बैरवा | सवाईमाधोपुर |
| 110. | उर्मिला दूबे | ब्रह्मपुरी कचहरी रोड |
| 111. | जयराज रावत | अजमेर |
| 112. | गुलाबी देवी पोरवाल | उदयपुर |
| 113. | सुशीला देवी | दौसा |
| 114. | मुकेश बैरवा | बूंदी |

# वित्तीय दान दाताओं की सूची (जुलाई से सितम्बर, 2025)

| | | |
|---|---|---|
| 1. | जस्टिस जसराज चोपड़ा | 100000 |
| 2. | श्रीमती सुशीला शर्मा | 51000 |
| 3. | श्री सुरेशचन्द मेहता | 51000 |
| 4. | श्रीमती कौशल्या भण्डारी | 51000 |
| 5. | श्रीमती विजय लक्ष्मी रांका | 31000 |
| 6. | जस्टिस जे. के. रांका | 31000 |
| 7. | श्री बाल कृष्ण जुत्शी | 30000 |
| 8. | श्रीमती शिमला भण्डारी | 25000 |
| 9. | ओमनी फाउण्डेशन ट्रस्ट | 21000 |
| 10. | श्री सतीश चन्द मेहता | 15000 |
| 11. | श्रीमती प्रकाश दुगड़ | 11000 |
| 12. | गोयल चेरिटेबल ट्रस्ट | 11000 |
| 13. | श्री निर्मल कुमार गोयल | 11000 |
| 14. | श्री अशोक भण्डारी | 10000 |
| 15. | श्री अरूण कुमार | 10000 |
| 16. | श्री सी. एल. दुआ | 5100 |
| 17. | इनर व्हील क्लब | 5100 |
| 18. | श्री प्रहलादचन्द अग्रवाल | 5100 |
| 19. | जस्टिस नागेन्द्र कुमार जैन | 5000 |
| 20. | श्री रामबल्लभ शर्मा | 5000 |
| 21. | श्रीमती मृदुला दुगड़ | 3000 |
| | कुल | 487300 |

# नेत्रदान का संकल्प करना हुआ अब आसान

- अपने मोबाईल से इस नम्बर पर मिस्डकॉल करें।

## 7375 855 855

- एसएमएस प्राप्त होने पर वेबसाइट लिंक को क्लिक कर संकल्प पत्र भरें।
- उसी पर अपना प्रमाण पत्र प्राप्त करें।

**SCAN & PAY**

BHIM SBI Pay

We are looking forward to generous contributions from Organisation, Individuals for this Noble Cause. Bank Particulars for Donations through RTGS/NEFT are as follows :

Bank Name : State Bank of India
A/c No. : 38700274930
Branch : Malviya Nagar Branch, Jaipur, India
IFSC Code : SBIN0006912.
Donation by Cheque/Draft to be made in the name of "Eye Bank Society of Rajasthan, Jaipur"


EYE BANK SOCIETY OF RAJASTHAN

## आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान

मोबाइल सर्जिकल यूनिट कैम्पस, मोती डूंगरी रोड, जयपुर – 302 004
फोन : 0141-260 4117, 8559900955, 98292 14013 E-mail : ebsr_jp@hotmail.com • website : www.ebsr.in


**For Eye Donation Call Toll Free No. - 18002020388**

JAIPUR • UDAIPUR • JODHPUR • AJMER • KOTA • BHILWARA • PALI • ALWAR • BUNDI • BIKANER • SHRI GANGANAGAR • BHARATPUR • CHURU


स्वत्वाधिकारी आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक, अशोक भण्डारी द्वारा पॉपुलर प्रिन्टर्स, जयपुर एवं आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थाान, मोबाइल सर्जिकल यूनिट कैम्पस, मोती डूँगरी रोड, जयपुर – 302004 द्वारा प्रकाशित
सम्पादक : उषा बापना, सह–सम्पादक : गोविन्द गुरबानी


Website : www.ebsr.in Face book page : fb/eyebanksocietyofraj Youtube : Eye Bank Society of Rajasthan (EBSR)